| **8.** | यदि किसी प्रश्न के भाग हैं, तो कृपया प्रत्येक भाग के लिए दाईं ओर अंक दें। प्रश्न के विभिन्न भागों के लिए दिए गए अंकों को जोड़ दिया जाना चाहिए और बाएं हाथ के मार्जिन में लिखा जाना चाहिए और घेरे में लिखा जाना चाहिए। इसका सख्ती से अनुपालन किया जाना आवश्यक है। |
| **9.** | यदि किसी प्रश्न में कोई भाग नहीं है, तो बाएं हाथ के मार्जिन में अंक दिए जाने चाहिए और उन्हें घेरे में लिखा जाना चाहिए। इसका सख्ती से अनुपालन किया जाना आवश्यक है। |
| **10.** | यदि किसी परीक्षार्थी ने एक प्रश्न को दुबारा हल किया है , तो अधिक अंक वाले प्रयास की गणना मूल्याकंन के लिए किया जाना चाहिए। अन्य उत्तर के अंक के लिए अतिरिक्त प्रष्न लिखिए। |
| **11.** | एक ही प्रकार की गलतियों के लिए संचयी प्रभाव से अंक नहीं काटा जाए। इसके लिए लिए केवल एक बार अंक काटा जाएगा। |
| **12.** | अंकों का एक पूर्ण पैमाने .....80..... (उदाहरण प्रश्न पत्र में दिए गए 70/60/50/40/30 अंक) का उपयोग किया जाना है। कृपया पूर्ण अंक देने में संकोच न करें यदि उत्तर इसके योग्य है। |
| **13.** | प्रत्येक परीक्षक को आवश्यक रूप से पूरे कार्य घंटों अर्थात प्रतिदिन 8 घंटे के लिए मूल्यांकन कार्य करना होता है और मुख्य विषयों में प्रति दिन 20 उत्तर पुस्तिकाओं और अन्य विषयों में प्रति दिन 25 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना होता है (विवरण स्पॉट दिशानिर्देशों में दिया गया है)। यह कम किए गए पाठ्यक्रम और प्रश्न पत्र में प्रश्नों की संख्या को देखते हुए है। |
| **14.** | सुनिश्चित करें कि पूर्व में परीक्षक द्वारा की गई निम्नलिखित सामान्य प्रकार की त्रुटियों को आप नहीं दोहराएँः<br>• उत्तर या उसके किसी भाग को उत्तर पुस्तिका में बिना मूल्यांकन के छोड़ना।<br>• किसी उत्तर के लिए निश्चित किए गए अंक से अधिक अंक प्रदान करना।<br>• एक उत्तर पर दिए गए अंकों का गलत योग।<br>• उत्तर पुस्तिका के आंतरिक पृष्ठों से शीर्षक पृष्ठ पर अंकों का गलत स्थानांतरण।<br>• शीर्षक पृष्ठ पर प्रश्नवार गलत योग।<br>• शीर्षक पृष्ठ पर दो स्तंभों के अंकों का गलत योग।<br>• गलत कुल योग।<br>• शब्दों और अंकों में अंक का मिलान नहीं होना।<br>• उत्तरपुस्तिका से ऑनलाइन अवॉर्ड सूची में अंकों का गलत स्थानान्तरण।<br>• उत्तर सही के रूप में चिह्नित हैं, लेकिन अंक नहीं दिए गए हैं। (सुनिश्चित करें कि सही का निशान सही और स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है। यह केवल एक पंक्ति होनी चाहिए। गलत उत्तर के लिए X के साथ भी ऐसा ही है।)<br>• उत्तर के आधे या एक भाग को सही और शेष को गलत के रूप में चिह्नित किया गया, लेकिन कोई अंक नहीं दिया गया। |
| **15.** | उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय यदि उत्तर पूरी तरह से गलत पाया जाता है, तो इसे क्रॉस (X) के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए और शून्य (0) अंक दिए जाने चाहिए। |
| **16.** | किसी भी अमूल्यांकित हिस्से, शीर्षक पृष्ठ पर अंक न ले जाना, या उम्मीदवार द्वारा पाई गई कुल त्रुटि, मूल्यांकन कार्य में लगे सभी कर्मियों और बोर्ड की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाएगा। इसलिए, सभी संबंधितों की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए, यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण पालन किया जाए। |
| **17.** | वास्तविक मूल्यांकन शुरू करने से पहले परीक्षकों को स्पॉट मूल्यांकन के लिए दिशा–निर्देशों में दिए गए दिशा–निर्देशों से खुद को परिचित करना चाहिए। |
| **18.** | प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया गया है, अंक शीर्षक पृष्ठ पर ले जाया गया है, सही ढंग से कुल और अंकों को शब्दों में लिखा गया है।. |
| **19.** | बोर्ड उम्मीदवारों के आवेदक के अनुरोध पर उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने की अनुमति देता है और संबंधित शुल्क के भुगतान पर पुनर्मूल्यांकन का अवसर भी प्रदान करता है। मुख्य परिक्षक / अतिरिक्त मुख्य परीक्षको को पुनः स्मरण कराया जाता है कि वे सुनिश्चित करे कि मूल्यांकन अंक योजना में दिए गए मूल्य बिन्दुओं के अनुसार ही किया गया है। |

# अंकन योजना
# सामाजिक विज्ञान (विषय कोड- 087)
# (पेपर कोड: 32/4/2)-2026 Set-2

**अधिकतम अंक: 80**

| प्रश्न सं. | अपेक्षित मूल्य बिंदु | पृष्ठ सं. | अंक |
|---|---|---|---|
| | **खंड – क**<br>**(इतिहास)** | | |
| **1.** | (D) पुस्तक निर्माण<br><br>**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 1 के स्थान पर दिया गया है।**<br><br>(D) बाटला | **105**<br><br><br><br>**125** | **1**<br><br><br><br>**1** |
| **2.** | (C) ज्योतिबा फुले - गुलामगिरी | **126** | **1** |
| **3.** | (A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है। | **55** | **1** |
| **4.** | (C) IV, III, II, I | **35,38, 41,44** | **1** |
| **5.(a)** | **'पूर्व-आधुनिक समय में खाद्य पदार्थ दूर देशों के बीच सांस्कृतिक आदान- प्रदान के कई उदाहरण पेश करते थे।' इस कथन की व्याख्या किन्हीं दो उदाहरणों के साथ कीजिए।**<br><br>(i) आलू, सोया, मूंगफली, मक्का, टमाटर, मिर्च, शकरकंद आदि जैसे आम खाद्य पदार्थ अमेरिका से यूरोप और एशिया में लाए गए माने जाते हैं।<br>(ii) स्पेगेटी और नूडल्स चीन से पश्चिम की ओर पहुँचे।<br>(iii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** | **54** | **2x1 =2** |
| | **अथवा** | | |
| **5.(b)** | **'पूर्व-आधुनिक समय में व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों क्रियाएँ साथ चलती थीं।' इस कथन की व्याख्या किन्हीं दो उदाहरणों के साथ कीजिए।**<br><br>(i) रेशम मार्ग दुनिया के दूर-दूर स्थित भागों के बीच आधुनिक काल से पहले के व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों का एक उदाहरण हैं।<br>(ii) चीनी रेशम, मिट्टी के बर्तन और भारत तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के वस्त्र यूरोप तक जाते थे, और कीमती धातुएँ यूरोप से एशिया की ओर आती थीं।<br>(iii) शुरुआती काल के ईसाई मिशनरी और मुस्लिम उपदेशक एशिया आने के लिए इसी रास्ते का इस्तेमाल करते थे।<br>(iv) बौद्ध धर्म पूर्वी भारत से उभरा और रेशम मार्ग की विविध शाखाओं से कई दिशाओं में फ़ैल गया।<br>(v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** | **54** | **2x1 =2** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **6.(a)** | **फ्रांसीसी क्रांति में मुद्रण की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।**<br><br>(i) छपाई ने ज्ञानोदय (Enlightenment) के विचारकों के विचारों को लोकप्रिय बनाया।<br>(ii) उनके लेखन ने परंपरा, अंधविश्वास और निरंकुशवाद की आलोचना पेश की।<br>(iii) उन्होंने रीति-रिवाजों के जगह विवेक के शासन पर बल दिया और यह मांग की कि हर चीज़ को तर्क और विवेक की कसौटी पर परखा जाए।<br>(iv) उन्होंने चर्च की धार्मिक और राज्य की निरंकुश सत्ता पर प्रहार करके परंपरा पर आधारित सामाजिक व्यवस्था को दुर्बल कर दिया।<br>(v) वॉल्टेयर और रूसो के लेखन का व्यापक पाठक वर्ग था और उनके पाठक एक नए, आलोचनात्मक, सवालिया और तार्किक नज़र से दुनिया को देखने लगे थे।<br>(vi) छपाई ने संवाद और वाद-विवाद की एक नई संस्कृति को जन्म दिया।<br>(vii) सारे पुराने मूल्य, संस्थाओं, और कायदों पर आम जनता के बीच बहस- मुबाहिसे हुए और उनका पुनर्मूल्यांकन का सिलसिला शुरू हुआ।<br>(viii) 1780 के दशक तक साहित्य की एक ऐसी बाढ़ आ गई थी, जिसमें राजशाही का मज़ाक उड़ाया गया, उनकी नैतिकता की आलोचना की गई और मौजूदा सामाजिक व्यवस्था पर सवाल उठाए गए।<br>(ix) कार्टून और कैरीकेचरों में यह भाव उभरा कि जनता मुश्किलों में फंसी रहती है और राजशाही भोग-विलास में डूबी हुई है।<br>(x) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं तीन बिन्दुओं का मूल्यांकन अपेक्षित है।)** | **115** | **3x1 =3** |
| | **अथवा** | | |
| **6.(b)** | **मुद्रण संस्कृति में बौद्ध प्रचारकों की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।**<br><br>(i) चीन से आए बौद्ध प्रचारकों ने लगभग 768-770 ई. में जापान में हाथ से छपाई करने की तकनीक लेकर आये।<br>(ii) 868 ई. में छपी जापान की सबसे पुरानी किताब, बौद्ध 'डायमंड सूत्र' है; जिसमें पाठ के छह पन्ने और काठ पर खुदे चित्र हैं।<br>(iii) कपड़ों, ताश के पत्तों और कागज़ी मुद्रा पर भी तस्वीरें छापी जाती थीं।<br>(iv) अठारहवीं सदी के आखिर में, एदो (जिसे बाद में टोक्यो के नाम से जाना गया) के शहरी इलाकों की चित्रकारी में शालीन शहरी संस्कृति का पता मिलता है।<br>(v) हाथ से मुद्रित तरह-तरह की सामग्री- महिलाओं, संगीत के साजों, हिसाब-किताब, चाय अनुष्ठान, फूल-साज़ी, शिष्टाचार और रसोई पर लिखी किताबों से पुस्तकालय एवं दुकाने भरी पड़ी थी।<br>(vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं तीन बिन्दुओं का मूल्यांकन अपेक्षित है।)** | **106** | **3x1 =3** |
| **7.(a)** | **प्रथम विश्वयुद्ध के छिड़ने में बाल्कन की भूमिका का वर्णन कीजिए।**<br><br>(i) बाल्कन एक ऐसा क्षेत्र था जहाँ भौगोलिक और जातीय विविधता थी; इसमें आज के रोमानिया, बुल्गारिया, अल्बानिया, यूनान, मैसेडोनिया, क्रोएशिया, बोस्निया-हर्जेगोविना, स्लोवेनिया, सर्बिया और मोंटेनेग्रो शामिल थे, यहाँ के निवासियों को आमतौर पर 'स्लाव' के नाम से जाना जाता था।<br>(ii) बाल्कन का एक बड़ा हिस्सा ओटोमन साम्राज्य के नियंत्रण में था।<br>(iii) बाल्कन में 'रूमानी राष्ट्रवाद' के विचारों के प्रसार और साथ ही ओटोमन साम्राज्य के विघटन ने इस क्षेत्र को बहुत ही विस्फोटक बना दिया था। | **26** | **5X1 =5** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (iv) एक के बाद एक करके, ओटोमन साम्राज्य के अधीन यूरोपीय राष्ट्रीयताओं ने उसके नियंत्रण से खुद को अलग कर लिया और अपनी स्वतंत्रता की घोषणा कर दी।<br>(v) बाल्कन के लोगों ने अपनी स्वतंत्रता या राजनीतिक अधिकारों के अपने दावों को राष्ट्रीयता का आधार बनाया, और इतिहास का उपयोग यह साबित करने के लिए किया कि वे कभी स्वतंत्र थे, लेकिन बाद में विदेशी शक्तियों द्वारा उन्हें अधीन बना लिया गया था।<br>(vi) जैसे-जैसे विभिन्न स्लाव राष्ट्रीय समूहों ने अपनी पहचान और स्वतंत्रता की परिभाषा तय करने की कोशिश की, बाल्कन क्षेत्र तीव्र संघर्ष का केंद्र बन गया।<br>(vii) बाल्कन के राज्य एक-दूसरे से भारी ईर्ष्या करते थे, और हर एक राज्य अपने लिए ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र हासिल करने की उम्मीद रखता था।<br>(viii) परिस्थितियाँ और अधिक जटिल हो गयी क्योंकि बाल्कन क्षेत्र में बड़ी शक्तियों के बीच व्यापार और निवेशों के साथ नौसैनिक और सैन्य ताकतों के लिए प्रतिस्पर्धा होने लगी।<br>(ix) हर शक्ति – रूस, जर्मनी, इंग्लैंड, ऑस्ट्रिया-हंगरी – बाल्कन पर अन्य शक्तियों के प्रभाव को कम करने और इस क्षेत्र पर अपना नियंत्रण बढ़ाने के लिए उत्सुक थी।<br>(x) इसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में कई युद्ध हुए और अंततः प्रथम विश्व युद्ध छिड़ गया।<br>(xi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं पाँच बिंदुओं का वर्णन अपेक्षित है।)**<br><br>**अथवा** | | |
| **7.(b)** | **उन्नीसवीं शताब्दी में राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने में यूरोपीय कलाकारों की भूमिका का वर्णन कीजिए।**<br><br>(i) कलाकारों ने अपनी कला, कविता, कहानियों और संगीत के माध्यम से 'राष्ट्रवादी भावनाओं को गढ़ने और व्यक्त करने में सहयोग दिया।<br>(ii) रूमानी कलाकारों और कवियों ने तर्क-वितर्क और विज्ञान के महिमामंडन की आलोचना की, और उसकी जगह भावनाओं, अंतर्दृष्टि और रहस्यवादी भावनाओं पर जोर दिया।<br>(iii) उनका प्रयास था कि एक साझा- सामूहिक विरासत की अनुभूति और एक साझा सांस्कृतिक अतीत को राष्ट्र का आधार बनाया जाए।<br>(iv) जर्मन दार्शनिक योहान गॉटफ्रीड जैसे रूमानी चिंतकों ने दावा किया कि सच्ची जर्मन संस्कृति उसके आम लोगों (das volk) में निहित थी।<br>(v) राष्ट्र (volksgeist) की सच्ची आत्मा लोकगीतों, लोक-काव्यों और लोक-नृत्यों से प्रकट होती थी।<br>(vi) लोक संस्कृति के इन स्वरूपों को एकत्र एवं अंकित करना राष्ट्र के निर्माण की परियोजना के लिए आवश्यक था।<br>(vii) उन्होंने स्थानीय भाषाओं पर ज़ोर दिया; स्थानीय लोक-कथाओं को एकत्र करने का उद्देश्य केवल प्राचीन राष्ट्रीय भावना को पुनर्जीवित करना ही नहीं था, बल्कि आधुनिक राष्ट्रवादी संदेश को उन विशाल जनसमूह तक पहुँचाना भी था, जो अधिकतर निरक्षर थे।<br>(viii) पोलैंड के कैरोल कुरपिंस्की ने राष्ट्रीय संघर्ष का अपने ऑपेरा और संगीत के माध्यम से गुणगान किया, और 'पोलोनेज़' तथा 'माज़ुर्का' जैसे लोक-नृत्यों को राष्ट्रवादी प्रतीकों में बदल दिया।<br>(ix) जर्मनी के ग्रिम बंधुओं ने लोक-कथाओं को एकत्र किया और उन्हें प्रकाशित किया, क्योंकि वे जर्मन भाषा को विकसित करने के अपने प्रयासों को फ्रांसीसी प्रभुत्व का विरोध करने और एक जर्मन राष्ट्रीय पहचान गढ़ने की व्यापक योजना का हिस्सा मानते थे।<br>(x) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं पाँच बिंदुओं का वर्णन अपेक्षित है।)** | **13** | **5X1 =5** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **8.** | **दिए गए स्रोत को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दी गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**<br>**भारत छोड़ो आंदोलन**<br><br>क्रिप्स मिशन की असफलता एवं द्वितीय विश्व युद्ध के प्रभावों ने भारत में व्यापक असंतोष को जन्म दिया । इसके फलस्वरूप गांधीजी ने एक आंदोलन शुरू किया, जिसमें उन्होंने अंग्रेज़ों के पूरी तरह से भारत छोड़ने पर जोर दिया । वर्धा में 14 जुलाई, 1942 को अपनी कार्यकारिणी में कांग्रेस कार्य समिति ने ऐतिहासिक 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित किया, जिसमें सत्ता का भारतीयों को तत्काल हस्तांतरण एवं भारत छोड़ने की माँग की गई । 8 अगस्त, 1942 को बंबई में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसमें पूरे देश में व्यापक पैमाने पर एक अहिंसक जन संघर्ष का आह्वान किया गया । इसी अवसर पर गांधीजी ने प्रसिद्ध 'करो या मरो' भाषण दिया था । 'भारत छोड़ो' के इस आह्वान ने देश के अधिकतर हिस्सों में राज्य–व्यवस्था को ठप्प कर दिया, लोग स्वतः ही आन्दोलन में कूद पड़े । लोगों ने हड़तालें कीं और राष्ट्रीय गीतों एवं नारों के साथ प्रदर्शन किए एवं जुलूस निकाले । यह आंदोलन वास्तव में एक जन आन्दोलन था जिसमें छात्र, मज़दूर और किसान जैसे हजारों साधारण लोगों ने हिस्सा लिया । इसमें नेताओं की सक्रिय भागीदारी भी देखी गई जिनमें जयप्रकाश नारायण, अरुणा आसफ अली एवं राम मनोहर लोहिया और बहुत सारी महिलाएँ जैसे बंगाल से मातांगिनी हाजरा, असम से कनकलता बरूआ और उड़ीसा से रमा देवी थीं । अंग्रेजों द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग के बावजूद इसे दबाने में एक वर्ष से अधिक समय लग गया । | **49** | **1+1 +2= 4** |
| **(8.1)** | **क्रिप्स मिशन की विफलता ने किस प्रकार भारत छोड़ो आंदोलन को प्रारंभ करने में योगदान दिया? (1)**<br><br>(i) क्रिप्स मिशन की विफलता ने भारत में व्यापक असंतोष पैदा कर दिया। इसके परिणामस्वरूप, गांधीजी ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' शुरू किया, जिसमें उन्होंने अंग्रेजों से भारत से पूरी तरह चले जाने की मांग की।<br>(ii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किसी एक बिंदु की व्याख्या अपेक्षित है।)** | | |
| **(8.2)** | **गांधीजी का 'भारत छोड़ो' का आह्वान ऐतिहासिक क्यों माना गया? (1)**<br>(i) कांग्रेस कार्यसमिति ने 14 जुलाई 1942 को वर्धा में हुई अपनी बैठक में ऐतिहासिक 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित किया, जिसमें भारतीयों को तत्काल सत्ता हस्तांतरित करने और भारत छोड़ने की मांग की गई थी।<br>(ii) 8 अगस्त 1942 को बंबई में, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसमें पूरे देश में व्यापक स्तर पर अहिंसक जन-संघर्ष का आह्वान किया गया था। इसी अवसर पर गांधीजी ने अपना प्रसिद्ध 'करो या मरो' भाषण दिया था।<br>(iii) 'भारत छोड़ो' के आह्वान ने देश के बड़े हिस्सों में सरकारी तंत्र को लगभग ठप कर दिया था, क्योंकि लोग स्वेच्छा से इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर शामिल हो गए थे।<br>(iv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किसी एक बिंदु की व्याख्या अपेक्षित है।)** | | |
| **(8.3)** | **भारत छोड़ो आंदोलन को अधिक समावेशी बनाने में महिलाओं की भूमिका की व्याख्या कीजिए। (2x1=2)**<br><br>(i) भारत छोड़ो आंदोलन में कई महिला नेताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें बंगाल में अरुणा आसफ़ अली और मातंगिनी हाजरा, असम में कनकलता बरुआ और उड़ीसा में रमा देवी आदि प्रमुख हैं।<br>(ii) उन्होंने राष्ट्रीय गीत गाते हुए और नारे लगाते हुए हड़तालों, प्रदर्शनों और जुलूसों में बड़ी संख्या में भाग लिया।<br>(iii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br>**(किन्हीं दो बिंदुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **9.** | - **कृपया संलग्न मानचित्र देखिए।**<br><br>**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परिक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर है।**<br><br>9.1. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गांधीजी ने नमक कानून को तोड़ा था।<br>**- दांडी**<br><br>9.2. उस स्थान का नाम लिखिए 1920 में पूर्वी भारत में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।<br>**- कलकत्ता (कोलकाता)** | | **1+1 =2**<br><br>**1**<br><br>**1** |
| | **खंड – ख**<br>**(भूगोल)** | | |
| **10.** | (A) गन्ना | **36** | **1** |
| **11.** | (D) वन | **5** | **1** |
| **12.** | (A) अधात्विक | **43** | **1** |
| **13.** | (D) a-ii, b-iv, c- i , d-iii | **15** | **1** |
| **14.** | (B) टिहरी | **16** | **1** |
| **15.** | (C) मरुस्थली मृदा | **9** | **1** |
| **16.** | **यदि भारत का प्रत्येक किसान आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाए, तो गांवों में इससे आने वाले किन्ही दो सकारात्मक परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए।**<br><br>(i) आधुनिक कृषि पद्धतियों से जल और अन्य संसाधनों का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग संभव हो सकेगा।<br>(ii) कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी।<br>(iii) आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।<br>(iv) रोज़गार के अधिक अवसर उत्पन्न होंगे।<br>(v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** | **38** | **2x1 =2** |
| **17. (a)** | **ग्रामीण क्षत्रों में बायोगैस उर्जा के महत्व की परख कीजिए।**<br><br>(i) ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपभोग के लिए बायोगैस का उत्पादन करने हेतु झाड़ियों, कृषि-अपशिष्ट, तथा पशु एवं मानव जनित अपशिष्ट का उपयोग किया जाता है।<br>(ii) जैविक पदार्थों के अपघटन से गैस उत्पन्न होती है, जिसकी तापीय क्षमता मिट्टी के तेल, गोबर के उपलों और चारकोल की अपेक्षा अधिक होती है।<br>(iii) बायोगैस संयंत्रों की स्थापना नगरपालिका, सहकारिता और निजी स्तर पर की जाती है।<br>(iv) ग्रामीण भारत में, पशुओं के गोबर का उपयोग करने वाले इन संयंत्रों को 'गोबर गैस प्लांट' के नाम से जाना जाता है।<br>(v) ये संयंत्र किसानों को दोहरे लाभ प्रदान करते हैं- एक ऊर्जा के रूप में और दूसरा उन्नत प्रकार के उर्वरक के रूप में।<br>(vi) पशुओं के गोबर का यह अब तक का सबसे दक्ष प्रयोग है। | **54** | **5X1 =5** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (vii) यह खाद की गुणवत्ता को बढ़ाता है, और साथ ही लकड़ी तथा उपलों को जलाने के कारण होने वाले पेड़ों के नुकसान को भी रोकता है।<br>(viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br>**(किन्हीं पाँच बिंदुओं की परख अपेक्षित है।)** | | |
| | **अथवा** | | |
| **17. (b)** | **औद्योगिक उपयोग के लिए प्राकृतिक गैस के महत्व की परख कीजिए।**<br>(i) प्राकृतिक गैस एक महत्वपूर्ण स्वच्छ उर्जा संसाधन है जो पेट्रोलियम के भंडार के साथ पाई जाती है और जब कच्चे तेल को सतह पर लाया जाता है तो यह मुक्त हो जाती है।<br>(ii) इसका उपयोग बिजली क्षेत्र में ईंधन के रूप में बिजली पैदा करने में किया जाता है<br>(iii) इसका उपयोग उद्योगों में ताप पैदा करने के लिए किया जाता है,<br>(iv) इसका उपयोग रसायन, पेट्रो रसायन और उर्वरक उद्योगों में कच्चे माल के रूप में किया जाता है।<br>(v) गैस के बुनियादी ढाँचे में विस्तार और स्थानीय शहर गैस वितरण नेटवर्क के विस्तार के साथ यह एक पसंदीदा परिवहन इंधन के रूप में उभर रहा है।<br>(vi) खाना पकाने के ईंधन के रूप में भी इसका उपयोग किया जाता है।<br>(vii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br>**(किन्हीं पाँच बिन्दुओं की परख अपेक्षित है।)** | **52** | **5X1 =5** |
| **18.** | **दिए गए स्रोत को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**<br>**सरदार सरोवर परियोजना**<br>सरदार सरोवर बाँध गुजरात में नर्मदा नदी पर बनाया गया है । यह भारत की एक बड़ी जल संसाधन परियोजना है जिसमें चार राज्य – महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात तथा राजस्थान सम्मिलित हैं । सरदार सरोवर परियोजना सूखाग्रस्त तथा मरुस्थलीय भागों की जल की आवश्यकता को पूरा करेगी । सरदार सरोवर परियोजना गुजरात के 15 जिलों के 3112 गाँवों के 18.45 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगी । इससे राजस्थान के सामरिक महत्त्व के रेगिस्तानी जिलों बाड़मेर और जालौर के 2,46,000 हेक्टेयर की सिंचाई भी होगी तथा महाराष्ट्र के आदिवासी पहाड़ी इलाके में लिफ़्ट के माध्यम से 37,500 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी । गुजरात में लगभग 75 प्रतिशत कमांड क्षेत्र सूखा प्रवण है जबकि राजस्थान में संपूर्ण कमांड क्षेत्र सूखा प्रवण है । सुनिश्चित जल की उपलब्धता जल्द ही इस क्षेत्र को सूखारोधी बना देगी । | **23** | **1+1 +2= 4** |
| **18.1.** | **सरदार सरोवर परियोजना को गुजरात के लिए महत्वपूर्ण क्यों माना जाता है? (1)**<br>(i) सरदार सरोवर परियोजना 18.45 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा प्रदान करती है, जिसमें गुजरात के 15 जिलों के 3112 गाँव शामिल हैं।<br>(ii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु<br>**(किसी एक बिंदु की व्याख्या अपेक्षित है।)** | | |
| **18.2** | **सरदार सरोवर परियोजना में चार राज्यों को क्यों शामिल किया गया? (1)**<br>(i) सरदार सरोवर परियोजना- गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र- इन चारों राज्यों के सूखाग्रस्त और रेगिस्तानी इलाकों में पानी की ज़रूरत को पूरा करने के लिए बनाया गया है। | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18.3 | (ii) इसका मकसद गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में सिंचाई की सुविधा देना भी है।<br>(iii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किसी एक बिंदु की व्याख्या अपेक्षित है।)**<br><br>**यह परियोजना सतत विकास को कैसे बढ़ावा देती है? (2x1=2)**<br><br>(i) सरदार सरोवर परियोजना इन राज्यों के सूखा-संभावित क्षेत्रों को पीने के पानी की सुविधा प्रदान करती है।<br>(ii) यह कृषि भूमि के बड़े क्षेत्रों की सिंचाई करती है, जिससे बड़ी आबादी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है।<br>(iii) यह जल-विद्युत ऊर्जा भी उत्पन्न करती है, जो एक नवीकरणीय और स्वच्छ ऊर्जा स्रोत है।<br>(iv) यह भूजल के पुनर्भरण को भी सुनिश्चित करती है, जिससे जल के सतत प्रबंधन को बढ़ावा मिलता है।<br>(v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** | | |
| **19.** | - **कृपया संलग्न मानचित्र देखिए।**<br><br>**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परिक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है। किन्हीं तीन का उत्तर लिखिए:**<br><br>(i) उस बाँध का नाम लिखिए जो भारत में चिनाब नदी पर बनाया गया है।<br>- **सलाल बांध**<br><br>(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहां महाराष्ट्र में आणविक उर्जा संयंत्र स्थित है।<br>- **तारापुर**<br><br>(iii) उस स्थान का नाम लिखिए जहां तमिलनाडु में सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क स्थित है।<br>- **चेन्नई**<br><br>(iv) उस स्थान का नाम लिखिए जहां पंजाब में अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।<br>- **अमृतसर** | | **3x1 =3**<br><br>**1**<br><br>**1**<br><br>**1**<br><br>**1** |
| | **खंड – ग**<br>**राजनीति विज्ञान** | | |
| **20.** | (D) विभिन्न माँगों के समायोजन की सोच<br><br>**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर दिया गया है।**<br><br>(D) नागरिकों के प्रति | **64**<br><br>**65** | **1**<br><br>**1** |

<table>
<tr><td>21.</td><td>(B) केवल i , ii और iv सही हैं</td><td>24-25</td><td>1</td></tr>
<tr><td>22.</td><td>(A) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और भारतीय जनता पार्टी</td><td>54-55</td><td>1</td></tr>
<tr><td>23.</td><td>(A) (A) और ( R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।</td><td>3</td><td>1</td></tr>
<tr><td>24.</td><td>सभी व्यवसायों में महिलाओं के लिए सामान अवसर सुनिश्चित करने के लिए दो उपाय सुझाइए।<br>(i) महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण का समान अवसर प्रदान किया जाना चाहिए, ।<br>(ii) सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एक ही काम के लिए महिलाओं को पुरुषों के बराबर वेतन मिले।<br>(iii) सरकार को भर्ती, पदोन्नति और कार्यस्थल पर व्यवहार के मामले में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने वाले कानूनों को सख्ती से लागू करना सुनिश्चित करना चाहिए।<br>(iv) नियोक्ताओं को कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।<br>(v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>(किन्हीं दो सुझाव बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)</td><td>31</td><td>2x1 =2</td></tr>
<tr><td>25.</td><td>लोकतंत्र और तानाशाही में अंतर स्पष्ट कीजिए।
<table>
<tr><th>लोकतंत्र</th><th>तानाशाही</th></tr>
<tr><td>(i) यह सरकार का एक रूप है जहाँ लोग अपने नेताओं का चुनाव करते हैं।</td><td>(i) सरकार का ऐसा रूप जिसमें शासक चुनने में लोगों की कोई भूमिका नहीं होती।</td></tr>
<tr><td>(ii) सरकार की लोगों के प्रति जवाबदेही होती है।</td><td>(ii) सरकार की लोगों के प्रति कोई जवाबदेही नहीं होती है।</td></tr>
<tr><td>(iii) शक्ति लोगों के पास होती है।</td><td>(iii) शक्ति एक व्यक्ति या लोगों के छोटे समूह के पास होती है।</td></tr>
<tr><td>(iv) नियमित अंतराल पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव होते हैं।</td><td>(iv) चुनाव या तो होते नहीं या वे स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं होते।</td></tr>
<tr><td>(v) लोग अधिकारों और स्वतंत्रता का आनंद लेते हैं</td><td>(v) लोगों को अधिकार एवं स्वतंत्रता नहीं मिलती।</td></tr>
<tr><td>(vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।</td><td>(vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।</td></tr>
</table>
(अंतर के किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)</td><td>64</td><td>2x1 =2</td></tr>
<tr><td>26.</td><td>भारतीय संविधान केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों के वितरण को कैसे परिभाषित करता है? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।<br><br>संविधान ने स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच विधायी अधिकारों को तीन हिस्सों में बाँटा है। इसमें तीन सूचियाँ इस प्रकार हैं:<br>(i) संघ सूची में राष्ट्रीय महत्व के विषय शामिल हैं, जैसे देश की रक्षा, विदेश मामले, बैंकिंग, संचार और मुद्रा।<br>(ii) संघ सूची में बताए गए विषयों से जुड़े कानून केवल केंद्र सरकार ही बना सकती है, क्योंकि इन मामलों पर पूरे देश में एक जैसी नीति की ज़रूरत होती है।</td><td>16</td><td>3x1 =3</td></tr>
</table>

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (iii) राज्य सूची में राज्य और स्थानीय महत्व के विषय शामिल हैं, जैसे पुलिस, व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा, वन, ट्रेड यूनियन, विवाह, गोद लेना और उत्तराधिकार।<br>(iv) इस सूची में बताए गए विषयों से जुड़े कानून राज्य सरकार बनाती है।<br>(v) समवर्ती सूची में ऐसे विषय शामिल हैं जो केंद्र और राज्य, दोनों सरकारों की साझी दिलचस्पी में आते हैं, जैसे शिक्षा, वन, ट्रेड यूनियन, विवाह, गोद लेना और उत्तराधिकार।<br>(vi) इन विषयों पर क़ानून बनाने का अधिकार राज्य सरकारों और केंद्र सरकार दोनों को ही है लेकिन जब दोनों के कानूनों में टकराव हो तो केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया क़ानून ही मान्य होता है।<br>(vii) इसके अलावा कुछ ऐसे विषय भी हैं, जैसे कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, जो संविधान बनने के बाद सामने आए। हमारे संविधान ने इन 'अवशिष्ट' विषयों पर कानून बनाने की शक्ति केंद्र सरकार को दी है।<br>(viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** | | |
| **27.(a)** | **'किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की संस्थाओं में राजनीतिक दल अलग दिखाई देते हैं।' इस कथन की परख कीजिए।**<br>(i) आम नागरिकों के लिए, लोकतंत्र का मतलब ही राजनीतिक दल होता है।<br>(ii) यहाँ तक कि कम पढ़े-लिखे नागरिक भी, जिन्हें हमारे संविधान या हमारी सरकार के स्वरुप के बारे में कुछ भी पता न हो, राजनीतिक दलों के बारे में जरूर कुछ न कुछ जानते हैं।<br>(iii) राजनीतिक दल सामूहिक हित को ध्यान में रखकर समाज के लिए नीतियाँ और कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं।<br>(iv) वे लोगों को यह समझाने का प्रयास करते हैं कि उनकी नीतियाँ दूसरों की नीतियों से बेहतर हैं।<br>(v) राजनीतिक दल समाज में मौजूद बुनियादी राजनीतिक विभाजनों को दर्शाते हैं।<br>(vi) राजनीतिक दल चुनाव लड़ते हैं।<br>(vii) चुनाव जीतने वाले दल सरकार बनाते हैं।<br>(viii) वे कानून बनाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं।<br>(ix) जो दल चुनाव हार जाते हैं, वे विपक्षी दलों की भूमिका निभाते हैं।<br>(x) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं पाँच बिन्दुओं की परख अपेक्षित है।)** | **47** | **5x1 =5** |
| | **अथवा** | | |
| **27(b)** | **"वर्तमान में राजनीतिक दलों के सामने अनेक चुनौतियां हैं।" इस कथन की परख कीजिए।**<br>(i) कई दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव होता है।<br>(ii) यह प्रवृति है की सारी ताकत एक या कुछ-एक नेताओं के हाथ में सिमट जाती है ।<br>(iii) पार्टियों के पास ना सदस्यों की खुली सूची होती है, ना नियमित रूप से सांगठनिक बैठकें होती हैं। इनमें आंतरिक रूप से चुनाव भी नहीं होते।<br>(iv) कई बार दल के सिद्धांतों और नीतियों के प्रति निष्ठा से कहीं अधिक, नेता के प्रति व्यक्तिगत निष्ठा अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।<br>(v) पार्टियों में वंशवाद की भी चुनौती है इसलिए सामान्य कार्यकर्ता के नेता बनने और ऊपर जाने की गुंजाइश काफी कम होती है।<br>(vi) जो लोग नेता बन जाते हैं, वे अपने करीबियों या अपने परिवार के सदस्यों को अनुचित लाभ पहुँचाने की स्थिति में होते हैं। | **58** | **5x1 =5** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (vii) कई पार्टियों में, सबसे ऊँचे पद हमेशा एक ही परिवार के सदस्यों के नियंत्रण में रहते हैं।<br>(viii) पार्टियों में, खासकर चुनावों के दौरान, पैसे और अपराधी तत्व की भूमिका बढ़ती जा रही है।<br>(ix) राजनीतिक दल अक्सर मतदाताओं को कोई सार्थक विकल्प नहीं दे पाते।<br>(x) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं पाँच बिन्दुओं की परख अपेक्षित है।)** | | |
| **28.** | **दिए गए स्रोत को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**<br>**सत्ता विभाजन**<br>शासन के विभिन्न अंग, जैसे विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सत्ता का बँटवारा रहता है । इसे हम सत्ता का क्षैतिज वितरण कहेंगे, क्योंकि इसमें सरकार के विभिन्न अंग एक ही स्तर पर रहकर अपनी-अपनी शक्ति का उपयोग करते हैं । ऐसे बँटवारे से यह सुनिश्चित हो जाता है कि कोई भी एक अंग सत्ता का असीमित उपयोग नहीं कर सकता । हर अंग दूसरे पर अंकुश रखता है । इससे विभिन्न संस्थाओं के बीच सत्ता का संतुलन बनता है । लोकतांत्रिक संस्थाओं के बारे में 9वीं कक्षा में पढ़ते हुए हमने देखा था कि हमारे देश में कार्यपालिका सत्ता का उपयोग करती जरूर है पर यह संसद के अधीन कार्य करती है; न्यायपालिका की नियुक्ति कार्यपालिका करती है पर न्यायपालिका ही कार्यपालिका पर और विधायिका द्वारा बनाए कानूनों पर अंकुश रखती है । इस व्यवस्था को 'नियंत्रण और संतुलन की व्यवस्था' भी कहते हैं । | **8** | **1+1 +2= 4** |
| **(28.1)** | **'शक्ति का संतुलन' शब्द की व्याख्या कीजिए।** **(1)**<br>(i) कोई भी अंग सत्ता का असीमित उपयोग नहीं कर सकता। हर अंग दूसरे पर अंकुश रखता है।<br>(ii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किसी एक बिंदु की व्याख्या अपेक्षित है।)** | | |
| **(28.2)** | **लोकतंत्र में न्यायपालिका को स्वतंत्र क्यों माना जाता है?** **(1)**<br>(i) न्यायपालिका की नियुक्ति कार्यपालिका द्वारा की जाती है, और वे कार्यपालिका पर और विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों पर अंकुश रखते हैं ।<br>(ii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किसी एक बिंदु की व्याख्या अपेक्षित है।)** | | |
| **(28.3)** | **सरकार के विभिन्न अंगों के बीच शक्ति का आबंटन किस प्रकार होता है?** **(2x1=2)**<br>(i) सरकार के तीन अंग हैं- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका ।<br>(ii) सरकार के विभिन्न अंग एक ही स्तर पर रहकर अपनी-अपनी शक्ति का उपयोग करते हैं और उनकी शक्तियां संविधान में लिखी गई हैं।<br>(iii) विधायिका का काम कानून बनाना है।<br>(iv) कार्यपालिका का काम कानून को लागू करना है<br>(v) न्यायपालिका का काम कानूनों की व्याख्या करना और विवादों को सुलझाना है।<br>(vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** | | |

| | खंड – घ<br>अर्थशास्त्र | | |
|---|---|---|---|
| **29.** | (A) मानव विकास रिपोर्ट | **13** | **1** |
| **30.** | (D) उदारीकरण | **64** | **1** |
| **31.** | (D) बैंक से | **43** | **1** |
| **32.** | (B) सार्वजनिक क्षेत्रक | **33** | **1** |
| **33.** | (A) 8200 | **9** | **1** |
| **34.** | (B) प्रतिशत | **10** | **1** |
| **35.** | **''नयी प्रौद्योगिकी ने विश्व को आपस में जोड़ने में मदद की है।' उपयुक्त तर्कों के साथ इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये**।<br><br>(i) परिवहन प्रौद्योगिकी में उन्नति के कारण लंबी दूरियों तक वस्तुओं की तीव्रतर आपूर्ति कम लागत पर संभव हुई है।<br>(ii) कंटेनरों की वजह से बंदरगाहों पर ढुलाई की लागत में भारी कमी आई है और माल को बाज़ारों में पहुँचाने की गति बढ़ गई है।<br>(iii) वायु परिवहन की लागत कम हो गई है, जिससे वायु मार्गों द्वारा अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में वस्तुओं का परिवहन संभव हुआ है।<br>(iv) दूरसंचार, कंप्यूटर और इंटरनेट के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी में तीव्र परिवर्तन के कारण विभिन्न देशों के बीच संबंधों में बढ़ोतरी हुई है।<br>(v) दूरसंचार सुविधाओं (टेलीग्राफ, मोबाइल फोन सहित टेलीफोन, फैक्स) का उपयोग दुनिया भर में एक-दूसरे से संपर्क करने, तुरंत जानकारी पाने और दूरवर्ती क्षेत्रों से संवाद करने के लिए किया जाता है।<br>(vi) सैटेलाइट कम्युनिकेशन उपकरण ने सूचना के आदान- प्रदान को बहुत तेज़ बना दिया है।<br>(vii) इंटरनेट से हम तत्काल इलेक्ट्रोनिक डाक (ई-मेल) भेज सकते हैं और अत्यंत कम मूल्य पर विश्व- भर में बात (वायस मेल) कर सकते हैं।<br>(viii) सूचना एवं दूरसंचार प्रौद्योगिकी ने विभिन्न देशों के बीच सेवाओं के विस्तार में बड़ी भूमिका निभाई है।<br>(ix) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं तीन बिन्दुओं को न्यायसंगत ठहराना अपेक्षित है।)** | **62** | **3x1 =3** |
| **36.** | **आर्थिक विकास के लिए ऋण क्यों महत्वपूर्ण है? स्पष्ट कीजिए।**<br>(i) ऋण लोगों को नए व्यवसाय और छोटे पैमाने के उद्योग शुरू करने में मदद करता है।<br>(ii) लोग ऋण की आसान पहुँच की मदद से कृषि, उद्योगों, शिक्षा और बुनियादी ढाँचे में निवेश कर सकते हैं, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।<br>(iii) किसान बीज, उर्वरक और मशीनरी खरीदने के लिए ऋण ले सकते हैं, जिससे कृषि उत्पादकता बढ़ती है।<br>(iv) जब ऋण की मदद से व्यवसायों का विस्तार होता है, तो वे लोगों के लिए रोज़गार के अधिक अवसर पैदा करते हैं।<br>(v) लोग अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए घर, वाहन आदि खरीदने हेतु ऋण का उपयोग कर सकते हैं।<br>(vi) उद्योगों को मशीनरी, प्रौद्योगिकी और कच्चे माल की खरीद के लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता होती है, जिसकी व्यवस्था ऋण के माध्यम से की जा सकती है।<br>(vii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** | **49** | **3x1 =3** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **37.** | **भविष्य के लिए विकास की धारणीयता को आवश्यक बनाने वाले मुद्दों का विश्लेषण कीजिए।**<br>(i) विकास के वर्तमान प्रकार और स्तर ने पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुँचाया है और हवा, पानी, ज़मीन, मिट्टी जैसे प्राकृतिक संसाधनों को प्रदूषित किया है।<br>(ii) प्राकृतिक संसाधनों के खत्म होने से आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी उपलब्धता खतरे में पड़ सकती है।<br>(iii) यहाँ तक कि नवीकरणीय संसाधनों का भी समझदारी से इस्तेमाल किया जाना चाहिए।<br>(iv) तेज़ औद्योगीकरण और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण ग्लोबल वार्मिंग हुई है।<br>(v) वनों की कटाई के कारण पेड़-पौधों और जानवरों की कई प्रजातियाँ विलुप्त हो रही हैं।<br>(vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br>**(किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।)** | **14** | **3x1 =3** |
| **38. (a)** | **अर्थव्यवस्था में द्वितीयक क्षेत्रक की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।**<br>(i) द्वितीयक क्षेत्रक हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।<br>(ii) द्वितीयक क्षेत्रक के विकास से देश के सकल घरेलू उत्पाद (स.घ.उ.) में वृद्धि होती है।<br>(iii) इस क्षेत्रक का विकास लोगों को रोज़गार प्रदान करके कृषि आय पर उनकी निर्भरता को कम करता है।<br>(iv) द्वितीयक क्षेत्रक मशीनरी, उर्वरक आदि उपलब्ध कराकर कृषि क्षेत्र के विकास में मदद करता है।<br>(v) द्वितीयक क्षेत्रक प्राथमिक क्षेत्र से कच्चा माल खरीदकर उसके विकास में मदद करता है।<br>(vi) यह क्षेत्र तृतीयक क्षेत्रक के विकास में भी मदद करता है, क्योंकि यहाँ निर्मित वस्तुओं को बाज़ारों तक पहुँचाया जाता है।<br>(vii) यह क्षेत्रक जनजातीय और पिछड़े क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करके क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने में मदद करता है।<br>(viii) कारखानों में निर्मित वस्तुओं का निर्यात व्यापार और वाणिज्य का विस्तार करता है, और अत्यंत आवश्यक विदेशी मुद्रा अर्जित कराता है।<br>(ix) द्वितीयक क्षेत्रक का विकास लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मदद करता है।<br>(x) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br>**(किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** | **21** | **5x1 =5** |
| | **अथवा** | | |
| **38.(b)** | **अर्थव्यवस्था में तृतीयक क्षेत्रक की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।**<br>(i) तृतीयक क्षेत्र किसी देश के विकास के लिए बुनियादी सेवाएँ प्रदान करता है, जैसे अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, पुलिस स्टेशन, अदालतें, परिवहन, बैंक आदि।<br>(ii) यह क्षेत्र प्राथमिक क्षेत्र को भंडारण, परिवहन और संचार सुविधाएँ प्रदान करके उसके विकास में सहायता करता है।<br>(iii) तृतीयक क्षेत्र द्वितीयक क्षेत्र के विकास में सहायता करता है, क्योंकि निर्मित वस्तुओं को बाज़ारों तक पहुँचाने की आवश्यकता होती है।<br>(iv) रेस्तरां, पर्यटन, खरीदारी आदि जैसी कई सेवाओं का विकास अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सहायता करता है।<br>(v) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर आधारित कई नई सेवाएँ बड़ी संख्या में लोगों को रोज़गार प्रदान करती हैं।<br>(vi) बैंकिंग, बीमा, विज्ञापन और परिवहन जैसी सेवाएँ घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुगम बनाती हैं। | **25** | **5x1 =5** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (vii) बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, परिवहन और संचार सेवाएँ लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करती हैं।<br>(viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु।<br><br>**(किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** | | |

प्रश्न सं. 9 और 19 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 9 and 19

